हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 20 नवम्बर, 2026/29, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न 42

इलेक्ट्रिक बसें

***4920 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा रोहडू डिपो को कितनी इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध करवाई गईं; इस बस डिपो में कितनी बसों की कमी व कितने बस रूट बंद हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक इस डिपो में ड्राइवरों व कंडक्टरों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

मेडिकल कॉलेज

***4921 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने सरकारी एवं निजी मेडिकल कॉलेज कार्यरत हैं तथा उनमें

एम0डी0/एम0एस0, डी0एन0बी0 एवं अन्य पी0जी0 पाठ्यक्रमों की कितनी सीटें स्वीकृत एवं उपलब्ध हैं; मेडिकल कॉलेजवार एवं विषयवार ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक केंद्र सरकार द्वारा कितनी नई पी0जी0 सीटें स्वीकृत की गईं तथा इनमें से कितनी सीटों पर शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है व कितनी लंबित हैं; कॉलेजवार एवं विषयवार ब्यौरा दें;

(ग) केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 320 अतिरिक्त पी0जी0 सीटों का कॉलेज एवं विषयवार आबंटन तथा शुरू करने हेतु स्वीकृत एवं जारी धनराशि का ब्यौरा दें;

(घ) उक्त सीटों हेतु आवश्यक एवं उपलब्ध प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं तकनीकी कर्मचारियों के पदों तथा रिक्तियों का मेडिकल कॉलेजवार ब्यौरा दें;

(ङ) यह सत्य है कि फैकल्टी, आधारभूत ढांचे एवं अन्य औपचारिकताओं के अभाव में सीटें आरम्भ करने में विलम्ब हो रहा है; यदि हां, तो सरकार द्वारा इन्हें आरम्भ करने हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(च) क्या सरकार का भविष्य में पी0जी0 सीटें बढ़ाने तथा प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में नए पी0जी0 विषय शुरू करने का विचार है; यदि हां, तो मेडिकल कॉलेज एवं विषयवार ब्यौरा दें?

बस सेवा

*4922 **कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या सरकार लाहौल और स्पिति विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नई डीजल एवं इलेक्ट्रिक बसें, कम आबादी वाले क्षेत्रों हेतु टेम्पो ट्रैवलर तथा 'मनाली–पदुम'/'केलांग–पदुम', 'केलांग–काजा' एवं दिल्ली–लेह रूटों पर नई अथवा अतिरिक्त बस सेवाएं आरंभ करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) क्या सरकार का स्पिति के मुख्यालय काजा में बस डिपो अथवा सब-डिपो खोलने का विचार है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

स्वीकृत योजनाएं

***4923 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में वर्ल्ड बैंक/ नाबार्ड/ सी0आर0आई0एफ0/ बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं की कितनी योजनाएं स्वीकृत हुईं; वर्षवार, विभागवार एवं निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; और

(ख) कितनी योजनाएं निर्माणाधीन हैं तथा कितनी पूर्ण की जा चुकी हैं; ब्यौरा दें?

सड़क मरम्मत / निर्माण

***4924 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मनेई-भरूपलाड़-सिम्बलबल्ला, मुख्य सड़क मार्ग से पन्धु, पलवां, रौण, सुधेड़-आखनखोला-मकलोडगंज, नड्डी से गतड़ी एवं डल गांव तथा मुख्य सड़क मार्ग से चान्दमारी, कजलोट मैदान तक निर्मित सड़कों की मरम्मत एवं रख-रखाव हेतु कितनी धनराशि आबंटित की गई;

(ख) दिनांक 01.11.2026 तक इन पर कितनी धनराशि व्यय हो चुकी है व इन सड़कों के मरम्मत एवं रख-रखाव कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) मुख्य मंत्री सड़क योजना के तहत प्रस्तावित ठम्बा-ठेहड़-मनोह, दड़मोथा-बलड़ी, सल्ली-कुफरी-दड़ल्ला, निहारकी-झंझराला, सल्ली-अपर सल्ली एवं मुख्य सड़क मार्ग से नोहली गांव तक सम्पर्क सड़क निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें?

आदर्श स्वास्थ्य संस्थान

***4925 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितने आदर्श स्वास्थ्य संस्थान हैं; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार एवं संस्थानवार दें; और

(ख) इन संस्थानों में कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो सुविधाएं उपलब्ध हैं क्या वे

प्रदान की जा रही हैं; ब्यौरा दें?

आदर्श स्वास्थ्य संस्थान

***4926 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला ऊना में कितने आदर्श स्वास्थ्य संस्थान घोषित किए गए हैं; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; इन स्वास्थ्य संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत, भरे व रिक्त हैं; संस्थानवार स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों का ब्यौरा दें; और

(ख) रिक्त पदों को सरकार कब तक भरने का विचार रखती है; क्या इन संस्थानों में विशेषज्ञ सेवाएं सुनिश्चित करने हेतु कोई समयबद्ध कार्य योजना है; यदि हां, तो कब तक?

राजकीय प्राथमिक पाठशाला मानवा-खनिउड

***4927 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षा खंड राजगढ़ के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाला मानवा-खनिउड के पुराने भवन को आपदा के समय क्षति पहुंची थी; यदि हां, तो क्या सरकार इस भवन को असुरक्षित घोषित कर गिराने का विचार रखती है?

बस सेवा

***4928 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि शिमला–शीलघाट बस सेवा नियमित रूप से संचालित नहीं हो रही है तथा विशेषकर सप्ताहांत (शनिवार एवं रविवार) को इस बस सेवा का संचालन नहीं किया जा रहा है; यदि हां, तो इस बस रूट/मार्ग पर संचालित बसों की कुल संख्या तथा उनकी निर्धारित समय-सारणी का ब्यौरा दें;

(ख) सप्ताहांत में बस सेवा संचालित न किए जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार जनहित में उक्त बस सेवा को सप्ताह के सभी दिनों में नियमित रूप में संचालित करने का विचार रखती है?

डी-नोटिफाई विद्यालय

***4929 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बंद/डी-नोटिफाई किए गए विद्यालयों के भवनों के संबंध में सरकार की क्या नीति है; क्या इन भवनों का वर्तमान में किसी अन्य सरकारी प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा रहा है; यदि हां, तो कितने भवनों का अन्य सरकारी प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है तथा कितने भवन खाली पड़े हैं; ब्यौरा दें?

कूहलों की मरम्मत

***4930 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत निचले बैजनाथ तथा चरामती दो बड़ी कूहलों के जीर्णोद्धार/मरम्मत हेतु क्या सरकार धनराशि जारी करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

शिक्षा की गुणवत्ता

***4931 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के कितने सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में पर्याप्त शिक्षक नियुक्त नहीं हैं; जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) प्रदेश में कितने सरकारी स्कूल भवनों को असुरक्षित व मरम्मत योग्य घोषित किया गया है; जिलावार ब्यौरा दें; गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक स्कूल भवनों की मरम्मत एवं नए भवनों के निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई व कितने कार्य लंबित हैं; ब्यौरा जिलावार दें;

(ग) प्रदेश के कितने सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों हेतु पर्याप्त शौचालय, पेयजल, बिजली, पुस्तकालय व खेल सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं; ये सुविधाएं कब तक उपलब्ध करवा दी जाएंगी; ब्यौरा स्कूलवार दें; और

(घ) इस अवधि में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन में कितनी वृद्धि / कमी दर्ज हुई; ब्यौरा जिलावार दें; कितने विद्यार्थियों ने बीच सत्र में पढ़ाई छोड़ी या स्कूल बदला; क्या इसके प्रमुख कारणों का आकलन किया गया है; यदि नहीं, तो विद्यार्थियों को स्कूलों में बनाए रखने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

हथियार लाइसेंस

***4932 श्री हरदीप सिंह बावा (नालागढ़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत हथियार लाइसेंस के कितने आवेदन प्राप्त हुए तथा कितने लाइसेंस स्वीकृत एवं अस्वीकृत किए गए; लंबित मामलों में से कितने मामले पुलिस सत्यापन, ए0डी0सी0/ ए0डी0एम0 एवं गृह विभाग के स्तर पर लंबित हैं; लंबित मामलों की आवेदन संख्या, आवेदन की तिथि एवं अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें;

(ख) ए0डी0सी0/ए0डी0एम0 एवं गृह विभाग के स्तर पर लंबे समय से लंबित मामलों की संख्या तथा इनके लंबित रहने के कारणों सहित ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करेगी; यदि हां, तो कब तक?

अधिसूचना में संशोधन

***4933 श्री पूर्ण चन्द ठाकुर (दरंग):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा चौहार घाटी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोट व बरधान को विशेष क्षेत्र घोषित कर नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम के दायरे में शामिल करने की अधिसूचना जारी की गई है; यदि हां, तो कारण; और

(ख) क्या सरकार स्थानीय निवासियों की मांग के मद्देनजर इस अधिसूचना को निरस्त करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

New Patwar Circles

***4934 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Revenue Minister** be pleased to state :-

(a) whether the Government proposes to create separate Patwar Circles at Patta Barawari and Sultanpur in Tehsil Solan in the view of population, geographical spread and administrative difficulties faced by local residents;

(b) whether any representations or proposals have been received by the Government for the creation of these Patwar Circles; if so, the date-wise details thereof along with the action taken thereon;

(c) whether any representation has been received for shifting Kayarad and adjoining villages from Patwar Circle Tardol (Tehsil Solan) to Patwar Circle Dharampur (Tehsil Kasauli); if so, whether any feasibility report or recommendation has been obtained from the revenue authorities in this regard;

(d) whether the Government has assessed the population, number of villages, geographical area, and distance from existing Patwar Circles for the said creation and reorganization; if so, the details thereof; and

(e) the steps taken or proposed to be taken by the Government to expedite the creation and reorganization of these Patwar Circles, along with the timeline fixed therefor?

पोषण अभियान

***4935 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल प्रदेश में पोषण अभियान के तहत राज्य, जिला व खंड स्तर पर स्वीकृत राज्य समन्वयक, जिला समन्वयक, सलाहकार, लेखाकार, परियोजना सहयोगी, कार्यक्रम सहायक, ब्लॉक समन्वयक एवं अन्य पदों पर कुल कितने कर्मचारी कार्यरत हैं व कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक उक्त प्रत्येक पद के कर्मचारियों के मासिक वेतन या मानदेय में वर्षवार कितनी वृद्धि की गई तथा वर्तमान में उनका कुल कितना-कितना वेतन है;

(ग) क्या उक्त वेतन वृद्धि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों अथवा प्रदेश सरकार के आदेशों के तहत की गई है तथा इसमें केंद्र एवं प्रदेश सरकार का वित्तीय अंशदान क्रमश: कितना-कितना है;

(घ) क्या इन कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि, महंगाई भत्ता एवं अन्य वित्तीय लाभ प्रदान किए जाते हैं; ब्यौरा दें; और

(ङ) वर्ष 2022 से लगातार संविदा आधार पर कुल कितने कर्मचारी कार्यरत हैं तथा उनकी

सेवा शर्तों एवं वेतन वृद्धि से संबंधित विभागीय आदेशों की प्रति सभा पटल पर रखें?

सौर बाड़बंदी योजना

***4936 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में कृषि विभाग द्वारा किसानों की फसलों को जंगली जानवरों (बंदरों, जंगली सूअरों,जंगली गायों व सांभरों) एवं आवारा पशुओं से बचाने हेतु कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं;

(ख) इस अवधि में सौर बाड़बंदी योजना के अंतर्गत कितने किसानों ने आवेदन किया तथा कितने किसानों को इस योजना का लाभ प्रदान किया गया; स्वीकृत व व्यय धनराशि का ब्यौरा किसानों की संख्या सहित जिलावार दें; और

(ग) क्या सरकार किसानों की फसलों को जंगली जानवरों एवं आवारा पशुओं से बचाने हेतु विशेष योजना अथवा अतिरिक्त आर्थिक सहायता प्रदान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

किसानों को भुगतान

***4937 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश की कितनी कृषि उपज मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर धान की खरीद की जा रही है; ब्यौरा जिलावार एवं मंडीवार दें;

(ख) यह सत्य है कि प्रदेश में धान की क्रय प्रक्रिया अत्यंत धीमी गति से चल रही है; यदि हां, तो कारण तथा क्रय प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ग) यह भी सत्य है कि धान की क्रय के उपरांत किसानों को उनकी फसल का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है; यदि हां, तो कारण तथा निर्धारित भुगतान अवधि कितनी है व लंबित भुगतान कब तक कर दिए जाएंगे; और

(घ) दिनांक 01.11.2026 तक क्रय सीजन में प्रदेश की विभिन्न मंडियों एवं क्रय खरीद केंद्रों पर कितनी मात्रा में कितने किसानों से धान खरीदा गया तथा कितनी धनराशि का भुगतान किया जा चुका है व कितना लंबित है; ब्यौरा मंडीवार, जिलावार एवं किसानवार दें?

करुणामूलक आधार पर नियुक्तियां

***4938 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा करुणामूलक आधार पर नियुक्तियों हेतु परिवार की वार्षिक आय सीमा को बढ़ाकर तीन लाख रुपये किया गया है; यदि हां, तो क्या सरकार तीन लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय-सीमा वाले लम्बित 1650 मामलों के निपटारे हेतु क्या सरकार तीन लाख रुपये की आय-सीमा की शर्त को समाप्त कर सभी लंबित आवेदकों को वन-टाइम सेटलमेंट के तहत रोजगार देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

मोबाइल नेटवर्क

***4939 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पारली के उड़सु, मनहार, नजां व झूणी गांव तथा सैंज घाटी की ग्राम पंचायत गाड़ापारली के शाक्ति, मरौड़, मैल व मझाण तथा बंजार क्षेत्र के हिडब, सजवाड़ व गशीनी आदि अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क एवं इंटरनेट की सुविधा सुचारु रूप से उपलब्ध नहीं है; यदि हां, तो इन क्षेत्रों में वर्तमान में कितने मोबाइल टावर स्थापित हैं व कितने गांव नेटवर्क से पूर्णतः वंचित हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक इस निवार्चन क्षेत्र में कितने नए मोबाइल टावर स्थापित किए गए तथा कितने टावर वर्तमान में सुचारु रूप से क्रियाशील हैं; पंचायत एवं गांववार ब्यौरा दें; और

(ग) क्या उक्त क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या के समाधान हेतु नए मोबाइल टावर स्थापित करने अथवा मौजूदा नेटवर्क को सुदृढ़ करने की कोई कार्य योजना तैयार की गई है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण?

सुन्नी जलविद्युत परियोजना

***4940 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक सुन्नी जलविद्युत परियोजना के अंतर्गत कितनी भूमि अधिग्रहित की गई तथा इससे कितने परिवार प्रभावित हुए; पंचायतवार ब्यौरा दें;

(ख) प्रत्येक पंचायत में भूमि अधिग्रहण के मुआवजे, रोजगार, पुनर्वास, विकास कार्यों तथा अन्य मदों के अंतर्गत कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; परियोजना से प्रभावित पंचायतों के लिए स्वीकृत एवं वितरित धनराशि का वर्षवार एवं पंचायतवार ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सभी प्रभावित परिवारों एवं पंचायतों को नियमानुसार मुआवजा तथा अन्य देय लाभ प्रदान कर दिए गए हैं; यदि नहीं, तो शेष राशि व अन्य लाभ प्रदान करने की समय-सीमा क्या है?

आपराधिक मामले

***4941 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में हत्या, बलात्कार, छेड़छाड़/उत्पीड़न, शोषण, चोरी व डकैती के कितने मामलों में एफ0आई0आर0 दर्ज हुईं; जिलावार ब्यौरा दें; और

(ख) कितने मामलों में चालान प्रस्तुत किए गए, कितने मामलों में सजा हुई एवं कितने मामले लंबित हैं; जिलावार ब्यौरा दें?

तैनाती/पदस्थापना

***4942 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में भारतीय प्रशासनिक एवं हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवाओं में अधिकारियों की एक ही पद अथवा स्टेशन पर पदस्थापना हेतु वर्तमान में लागू नियमों, निर्धारित न्यूनतम एवं अधिकतम कार्यकाल तथा समयपूर्व स्थानांतरण एवं कार्यकाल बढ़ाने संबंधी प्रावधानों का ब्यौरा दें; संबंधित नियमों/आदेशों की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) वर्तमान में प्रदेश में कितने भारतीय प्रशासनिक एवं हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवारत अधिकारी निर्धारित कार्यकाल से अधिक समय से एक ही पद अथवा स्टेशन पर तैनात हैं; अधिकारियों के नाम, पदनाम, वर्तमान पदस्थापना की तिथि, कुल कार्यकाल एवं जिला/विभागवार ब्यौरा दें;

(ग) निर्धारित कार्यकाल से अधिक समय तक एक ही पद पर तैनात अधिकारियों के कार्यकाल में विस्तार किस सक्षम प्राधिकारी द्वारा तथा किन प्रशासनिक कारणों से स्वीकृत किया गया; संबंधित अनुमोदन एवं आदेशों की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(घ) क्या सरकार द्वारा निर्धारित कार्यकाल संबंधी नियमों की समान रूप से अनुपालना सुनिश्चित करने हेतु कोई समीक्षा अथवा कार्यवाही की गई है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

सलापड़—तत्तापानी सड़क

***4943 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सलापड़—तत्तापानी सड़क के निर्माण हेतु केंद्रीय सड़क तथा बुनियादी ढांचा कोष के तहत स्वीकृत धनराशि से सतलुज नदी पर 156 मीटर लंबे पुल का निर्माण किया जा रहा है; यदि हां, तो क्या इसका प्रावधान डी0पी0आर0 में था; यदि नहीं, तो इस हेतु भारत सरकार से अनुमति ली गई है;

(ख) उक्त सड़क एवं पुल के निर्माण हेतु कब-कब निविदाएं आमंत्रित की गईं तथा किन-किन ठेकेदारों को कार्य आबंटित किए गए; पैकेजवार ब्यौरा दें; और

(ग) क्या ठेकेदारों ने निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण किया है; यदि नहीं, तो किन-किन पैकेज के ठेकेदारों ने देरी की है तथा विभाग द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किलाड़

***4944 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में सिविल स्वास्थ्य केंद्र किलाड़ में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती के आदेश जारी किए गए थे; यदि हां, तो चिकित्सकवार एवं आदेशवार ब्यौरा दें;

(ख) क्या उक्त चिकित्सकों के तैनाती आदेश बाद में संशोधित किए गए हैं; यदि हां, तो संशोधन के कारण, तिथि तथा सक्षम प्राधिकारी सहित ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कोई समयबद्ध नीति बनाने का विचार रखती है?

सड़क निर्माण

***4945 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गत तीन वर्षों में

दिनांक 01.11.2026 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण, मेटलिंग, टारिंग, पुल निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की निविदाएं आमंत्रित की गई हैं; यदि हां, तो इनमें से कितने कार्य ठेकेदारों को आबंटित किए गए तथा प्रत्येक ठेकेदार को आबंटित कार्यों की संख्या व कुल धनराशि का ब्यौरा दें;

(ख) क्या किसी एक ठेकेदार को एक ही समय में दो से अधिक सड़क निर्माण कार्य आबंटित किए गए हैं; यदि हां, तो कार्यों का ब्यौरा ठेकेदारवार दें;

(ग) कितने कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हुए, कितने लंबित हैं व कितने कार्य शुरू नहीं हुए;

(घ) लंबित कार्यों के संबंध में कितने ठेकेदारों पर जुर्माना लगाया गया, कितनों की निविदाएं रद्द की गईं तथा कितनों को ब्लैक लिस्ट किया गया; और

(ङ) क्या विभाग द्वारा ठेकेदारों की पूर्व कार्य निष्पादन रिपोर्ट, मशीनरी, तकनीकी क्षमता एवं वित्तीय क्षमता का सत्यापन किया जाता है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

पुल निर्माण

***4946 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला लाहौल और स्पिति के मयाड़ घाटी के गांव करपट हेतु बने पुल की अद्यतन स्थिति क्या है; बाढ़ के उपरांत इस पुल की जगह वैकल्पिक पुल बनाने हेतु विभाग एवं सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ख) चंद्रभागा नदी पर स्थित जोबरंग पुल की वर्तमान भौतिक एवं सुरक्षा स्थिति क्या है; क्या यह पुल यातायात एवं स्थानीय निवासियों हेतु सुरक्षित है; और

(ग) इस पुल के स्थान पर नए वैकल्पिक/पक्के पुल का निर्माण करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; इस हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति किस स्तर पर लंबित है तथा निर्माण कार्य कब तक आरंभ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

भ्रष्टाचार

***4947 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश के सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं; इन मामलों में संलिप्त कर्मचारियों व अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई तथा सरकार द्वारा भ्रष्टाचार

को रोकने हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

हवाई अड्डों की सुरक्षा

***4948 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश के हवाई अड्डों की सुरक्षा व्यवस्था किसके द्वारा की जा रही है व इनकी सुरक्षा व्यवस्था हेतु कितनी धनराशि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जाती है; और

(ख) गग्गल हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रतिवर्ष कितना व्यय किया जाता है व यह धनराशि किसके द्वारा प्रदान की जाती है; ब्यौरा दें?

जोगिन्द्रनगर एवं लडभड़ोल महाविद्यालय

***4949 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजकीय महाविद्यालय जोगिन्द्रनगर एवं लडभड़ोल में वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या का महाविद्यालयवार ब्यौरा दें; और

(ख) उक्त महाविद्यालयों में प्राध्यापकों सहित विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद स्वीकृत तथा कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

रिक्त पद

***4950 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सिविल अस्पताल चढ़ियार में डॉक्टरों तथा नर्सों के कितने पद स्वीकृत, भरे व रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

स्वास्थ्य सुविधाएं

***4951 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के सरकारी आयुर्विज्ञान महाविद्यालयों में कौन-कौन सी प्रमुख स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा किन-किन जांचों हेतु मरीजों को निजी संस्थानों या दूसरे राज्यों

में जाना पड़ता है; ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक नई जांच सुविधाएं आरम्भ करने व आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध करवाने पर कितनी धनराशि व्यय की गई; महाविद्यालयवार ब्यौरा दें; और

(ग) वर्तमान में प्रदेश में कितनी सरकारी एंबुलेंस संचालित हैं एवं कितनी तकनीकी खराबी या कर्मचारियों की कमी के कारण क्रियाशील नहीं हैं; जिलावार ब्यौरा दें?

Local Area Development Authority

***4952 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether the Government will consider allocating a share of the Local Area Development Authority funds, granted in lieu of land acquisition for the establishment of the major Himachal Pradesh Power Transmission Station at Kumma, for the development of villages Anji and Rivi, whose residents have donated their land for this public utility; and

(b) whether the Government is aware that these villages continue to lack adequate basic facilities, particularly proper road connectivity and drinking water; if so, what specific development works are proposed to be undertaken and within what time frame?

बस रूट

***4953 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा प्रदेश में कितने बस रूट संचालित किए जा रहे हैं तथा इस अवधि में कितने बस रूट बंद अथवा स्थगित किए गए; जिलावार एवं रूटवार ब्यौरा दें;

(ख) वर्तमान में कितने रूटों पर नियमित, आंशिक एवं सप्ताह में कुछ ही दिन बस सेवा उपलब्ध है व कितने रूट पूर्णतः बंद हैं; बंद रूटों में से कितने पुनः बहाल किए गए रूटवार ब्यौरा दें;

(ग) उक्त अवधि में घाटे एवं लाभ में संचालित बस रूटों की जिलावार एवं रूटवार संख्या, प्रत्येक रूट की वार्षिक आय, व्यय, यात्री संख्या तथा लाभ एवं घाटे का वित्तीय वर्षवार ब्यौरा दें;

(घ) यह सत्य है कि अधिक यात्री संख्या एवं आय की संभावना वाले लाभकारी रूटों पर बसों की कमी है जबकि घाटे वाले रूटों पर बसें संचालित की जा रही हैं; यदि हां, तो कारण; अधिक यात्री मांग वाले रूटों पर बस सेवाएं बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ङ) वर्तमान में हिमाचल पथ परिवहन निगम के पास कितनी बसें उपलब्ध, परिचालन योग्य एवं खराब पड़ी हैं; चालकों एवं परिचालकों के कितने पद स्वीकृत, भरे एवं रिक्त हैं; डिपोवार ब्यौरा दें; और

(च) बंद बस रूटों को पुनः बहाल करने तथा अधिक यात्री मांग वाले ग्रामीण एवं दूर-दराज के क्षेत्रों में नियमित बस सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु सरकार की कार्य योजना, धनराशि एवं निर्धारित समय-सीमा सहित ब्यौरा दें?

15वां एवं 16वां वित्तायोग

*4954 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या 15वें एवं 16वें वित्तायोग के अंतर्गत जिला परिषद, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों हेतु निर्धारित टाइड फंड की धनराशि जल शक्ति विभाग को प्राप्त हुई है; यदि हां, तो वर्षवार, जिलावार एवं विकास खंडवार ब्यौरा दें;

(ख) उक्त धनराशि से बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के बिझड़ी ब्लॉक में कौन-कौन से कार्य करवाए गए; ब्यौरा स्वीकृत, व्यय एवं शेष धनराशि सहित वार्डवार दें;

(ग) क्या कार्यों के चयन से पूर्व संबंधित निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों से प्रस्ताव/अनुशंसाएं प्राप्त की गई थीं; यदि हां, तो क्या कार्य उन्हीं के अनुसार करवाए गए;

(घ) क्या केंद्र सरकार द्वारा उक्त धनराशि जल शक्ति विभाग को हस्तांतरित करने संबंधी कोई दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं; और

(ङ) क्या सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में उक्त फंड से कार्य संबंधित निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों की अनुशंसाओं एवं वित्त आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किए जाएंगे?

पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना

*4955 **श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के अंतर्गत विद्युत हानियों को कम करने हेतु मैसर्स रेल

विकास निगम लिमिटेड को आबंटित कार्यों की अद्यतन स्थिति, कार्यादेशवार आबंटन तिथि, निर्धारित पूर्णता तिथि एवं दिनांक 01.11.2026 तक की प्रगति का ब्यौरा दें;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत प्रस्तावित एवं स्थापित वितरण व पावर ट्रांसफार्मरों की संख्या तथा लोड पर संचालित ट्रांसफार्मरों का कार्यादेशवार ब्यौरा दें;

(ग) उक्त कार्यों हेतु स्वीकृत, प्राप्त/व्यय ऋण, अनुदान राशि तथा अनुदान के लंबित दावों का कार्यादेशवार ब्यौरा दें;

(घ) कार्यों की धीमी प्रगति के कारण तथा इन्हें समयबद्ध पूर्ण करने हेतु उठाए गए पगों का ब्यौरा दें; और

(ङ) निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण न होने से केंद्रीय अनुदान प्रभावित होने की स्थिति में सरकार की वैकल्पिक कार्य योजना क्या है; ब्यौरा दें?

पठानकोट–मण्डी फोरलेन

***4956 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01.11.2026 तक पठानकोट–मण्डी फोरलेन परियोजना के अंतर्गत रजोल से ठानपुरी तक का निर्माण कार्य आरम्भ न होने के क्या कारण हैं; कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा तथा इस खंड का अंतिम सर्वे किस स्थिति में है व प्रस्तावित फोरलेन किन-किन गांवों से होकर गुजरेगा; ब्यौरा दें?

पी0डी0एन0ए0

***4957 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक बंजार लोक निर्माण विभाग मंडल के अंतर्गत पी0डी0एन0ए0 के तहत केंद्र सरकार से आपदा प्रभावित विभिन्न सड़कों के पुनर्निर्माण, रख-रखाव एवं मरम्मत कार्यों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत एवं प्राप्त हुई; सड़कवार ब्यौरा दें;

(ख) पी0डी0एन0ए0 के तहत उपरोक्त मंडल में वर्तमान में कौन-कौन से सड़क पुनर्निर्माण, मरम्मत एवं बहाली के कार्य प्रस्तावित व स्वीकृत हैं; सड़कवार कार्यों का ब्यौरा, अनुमानित लागत एवं कार्य करने की निर्धारित समय-सीमा सहित दें;

(ग) दिनांक 01.11.2026 तक उक्त योजना के तहत प्राप्त धनराशि में से कितनी व्यय की जा चुकी है तथा किन-किन सड़कों पर कौन-कौन से कार्य करवाए गए; स्वीकृत एवं जारी धनराशि तथा वास्तविक व्यय का सड़कवार ब्यौरा दें;

(घ) उक्त अवधि में क्या पी0डी0एन0ए0 के तहत स्वीकृत कोई सड़क कार्य आरंभ नहीं हुआ है अथवा अधूरा पड़ा है; यदि हां, तो सड़कवार, कार्य की अद्यतन स्थिति तथा विलंब के कारणों सहित ब्यौरा दें; और

(ङ) उक्त मद के तहत अब तक प्राप्त धनराशि में से कितनी धनराशि अव्ययित है तथा शेष धनराशि के उपयोग हेतु विभाग की क्या कार्य योजना है; ब्यौरा दें?

15वां वित्त आयोग

***4958 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायतों द्वारा 15वें वित्त आयोग के तहत पेयजल एवं अन्य जल संबंधी कार्यों के लिए जल शक्ति विभाग को कुल कितनी धनराशि हस्तांतरित की गई है; वर्षवार एवं पंचायतवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में विभाग को कितनी धनराशि प्राप्त हुई तथा कितनी व्यय की गई; पंचायत, योजना एवं कार्यवार ब्यौरा दें;

(ग) उपरोक्त अवधि में किन-किन पेयजल योजनाओं /पाइपलाइनों / टैंकों / जल स्रोतों पर धनराशि व्यय हुई; प्रत्येक कार्य की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा स्वीकृत, जारी एवं व्यय की गई धनराशि सहित दें; कितनी धनराशि शेष है तथा शेष रहने के क्या कारण हैं;

(घ) इस निर्वाचन क्षेत्र की किन पंचायतों में 15वें वित्त आयोग के तहत धनराशि प्राप्त होने के बावजूद भी कार्य शुरू नहीं हुए; इसके कारण क्या हैं एवं कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे; और

(च) क्या धनराशि के उपयोग एवं कार्यों की गुणवत्ता की जांच की गई है; यदि हां, तो जांच रिपोर्ट, अनियमितताओं एवं की गई कार्रवाई का ब्यौरा दें?

मुख्य मंत्री खेल प्रोत्साहन योजना

***4959 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि मुख्य मंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत प्रत्येक वर्ष, प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में एक खेल मैदान बनाने हेतु 15 लाख रुपये देने का प्रावधान है; और

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक इस योजना के तहत कुल

कितने खेल मैदान बनाए गए; वर्षवार एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें?

बस रूट

***4960 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक हिमाचल पथ परिवहन निगम के संचालित एवं वर्तमान में बंद पड़े बस रूटों की संख्या कितनी है; बस रूटवार ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार बंद बस रूटों को पुनः बहाल करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पी0डी0एन0ए0

***4961 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग के तहत पी0डी0एन0ए0, राज्य योजना, नाबार्ड तथा अन्य मदों से प्राप्त धनराशि, आमंत्रित/आबंटित निविदाओं, ठेकेदारों, स्वीकृत धनराशि, वास्तविक व्यय, लंबित भुगतान एवं कार्य स्थिति का उप-मंडलवार, योजनावार व आर0डी0वार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में कोयल एवं बायल कूल/नहरों की मरम्मत, पुनर्निर्माण तथा सिंचाई व्यवस्था बहाली हेतु स्वीकृत, आबंटित व जारी धनराशि, आर0डी0वार स्वीकृत कार्य, निविदा संख्या, ठेकेदारों के नाम, किए गए व लंबित भुगतान तथा अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार के संज्ञान में है कि इन नहरों के क्षतिग्रस्त रहने से किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है; यदि हां, तो प्रभावित भूमि का आकलन तथा सिंचाई सुविधा की बहाली हेतु क्या कार्य योजना, प्रस्तावित धनराशि, समय-सीमा व उत्तरदायी अधिकारी निर्धारित किए गए हैं; क्या सरकार लंबित कार्यों व निविदाओं को शीघ्र पूर्ण करने हेतु अतिरिक्त धनराशि देने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

16 नवम्बर, 2026. **सचिव**